हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026

04 300 विद्यार्थियों को वितरित किए गर्म स्वेटर और...



07 हम राम और कृष्ण की संतान हैं, जब-जब धर्म की...



सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

## खबर संक्षेप

### आज होगा रन फ़ॉर स्वदेशी

**सीहोर।** पूरे देश में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश अनुसार इस वर्ष स्वामी विवेकानंद जी की जन्म तिथि पर रन फ़ॉर स्वदेशी, संकल्प स्वदेशी दौड़ का आयोजन विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों आदि में होगा। जानकारी देते हुए अरुषेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली जैसी संस्थाओं ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार के आदेश मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा भी दिए गए हैं ।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 को होगा आयोजित

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जावेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### अनदेखी से दोराहा-झरखेडा की एक दर्जन कॉलोनी अवैध, कार्रवाई के लिए तहसीलदार ने एसडीएम को भेजी सूची

# सपनों की लूट ! बिना विकास अनुमति के नियमों को ठेंगा दिखाकर कॉलोनाइजर बेच रहे प्लॉट

### तहसीलदार ने डेढ़ दर्जन कॉलोनाइजरों की सूची बनाकर जिला मुख्यालय, वरिष्ठ अधिकारियों से निर्देश मिले तो स्थानीय प्रशासन करे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के झरखेड़ा एवं दोराहा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का जाल फैलाकर भोले-भाले लोगों की जीवनभर की कमाई लूटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बिना सक्षम अधिकारी से कॉलोनी विकास की अनुमति लिए, नियमों को ठेंगा दिखाकर कॉलोनाइजर खुलेआम प्लॉट बेच रहे हैं। जब लोग सपनों का घर बनाने की उम्मीद लेकर प्लॉट खरीदते हैं, तब उन्हें हकीकत का ऐसा झटका लगता है कि दिल टूट जाता है।

तहसीलदार दोराहा द्वारा जारी सूची में करीब डेढ़ दर्जन अवैध कॉलोनाइजरों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां काट दीं और गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को प्लॉट बेच दिए। इन कॉलोनियों में सडक़, पानी, बिजली, नाली, सीवरेज जैसी कोई भी मूलभूत सुविधा मौजूद नहीं है। प्लॉट खरीद चुके लोग आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

**ठगे गए परिवारों का दर्द :** कई पीड़ित परिवारों ने बताया कि उन्होंने अपनी पूरी जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदा था ताकि बच्चों के भविष्य के लिए घर बना सकें, लेकिन अब न सडक़ है, न बिजली, न पानी, केवल धोखे और मायूसी का सन्नाटा है। लोग तहसील और प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं पर समाधान दूर नजर आता है।



**सीहोर।** दोराहा-झरखेडा क्षेत्र में इस तरह से एक दर्जन कॉलोनी अवैध कॉलोनियां खोली जा रही हैं।

#### सूची में जिन कॉलोनाइजरों के नाम शामिल हैं उनमें

तहसीलदार द्वारा जिन अवैध कालोनाइजरों की सूची बनाई हैं उसमें नासिर इस्लाम, इनाम उल्ला, अक्सा अली, संगीता, अमान उल्ला, रेहान खान, सैयद कमर अली, मोहन पाटीदार, भूपेन्द्र पाटीदार, फूल सिंह, इशाक अली, गुलाब सिंह, झनक सिंह, मुकर्रम सहित कई प्रभावशाली और रसूखदार लोग बताए जा रहे हैं। आरोप है कि कुछ जनप्रतिनिधियों का भी इन्हें संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है।

**मुख्यालय भेज दी है सूची :** तहसीलदार एसआर देशमुख ने बताया कि अवैध कालोनाइजरों की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूची भेज दी गई है, उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**यह हैं महत्वपूर्ण दस्तावेज :** कालोनाइजर को कालोनी काटने से पहले इन नियमों का भी पालन करना होता है। कालोनियों में अपने सपनों का घर या प्लॉट खरीदने से पहले आमजन यह दस्तावेज जरुर देखे, जिनमें भू-अधिकार पुस्तिका और खसरा-खतौनी। नजूल अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), पर्यावरण विभाग की अनुमति (बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए), नगर निगम/नगर पालिका से जल और बिजली की एनओसी।

#### इन नियमों का करना होता है पालन

अनिवार्य रजिस्ट्रेशनः किसी भी कालोनाइजर को काम शुरू करने से पहले संबंधित नगर निगम या जिला प्रशासन (कलेक्टर कार्यालय) से कालोनाइजर लाइसेंस लेना अनिवार्य है।
भूमि का डायवर्जनः कालोनी काटने से पहले कृषि भूमि को आवासीय भूमि में परिवर्तित करना होता है। इसके लिए निर्धारित डायवर्जन शुल्क सरकार के पास जमा करना पड़ता है।
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से मंजूरीः यह सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कालोनाइजर को अपनी कॉलोनी का नक्शा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से स्वीकृत कराना होता है. इसमें निम्न बातों का ध्यान रखा जाता है, जिसमें सडक़ों की चौड़ाई (न्यूनतम मानकों के अनुसार), खुली जगह और पार्क के लिए आरक्षित भूमि।
सार्वजनिक उपयोग (जैसे स्कूल या डिस्पेंसरी के लिए जगह।
विकास अनुमतिः टीएनसीपी से नक्शा पास होने के बाद स्थानीय निकाय (नगर निगम या नगर पालिका) से विकास अनुमति लेनी होती है। इसके तहत कालोनाइजर को कॉलोनी में बिजली, पानी, ड्रेनेज और सडक़ों का विकास करना होता है।
रेरा में पंजीयनः मध्य प्रदेश में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के कोई भी कालोनाइजर न तो विज्ञापन दे सकता है और न ही प्लॉट/मकान बेच सकता है। रेरा सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी न हो और प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो।

## जनता और किसानों ने मिलकर दिया धरना, लोक निर्माण विभाग के खिलाफ किया सड़क पर प्रदर्शन



**सीहोर।** रविवार सुबह बिलकिसगंज जोड़ चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता , व्यापारियों एवं किसानों ने सड़क निर्माण के कारण धूल, प्रदूषण एवं घटिया निर्माण एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से परेशान होकर जमकर किया प्रदर्शन। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी किसान एवं ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। धरने में नारे लगाए कि बिलकिसगंज चंदेरी रोड पर धूल उड़ाने बंद करो एवं पी डब्लू दी सीहोर के अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करो। मजबूर दुखी होकर ग्रामीण जनता ने विगत दिनों भोपाल जाकर के माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को मुख्य सचिव अनुराग जैन जी को, पीडब्ल्यूडी मंत्री को, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला जी को , प्रदूषण बोर्ड को मानव अधिकार आयोग को ज्ञापन देकर सीहोर बिलकिसगंज चंदेरी पर विगत चार पांच महीनों से जो रोड बन रहा है उससे भयंकर प्रदूषण और धूल उड़ने के कारण जनता बीमार हो रही है खांसी की बीमारी हो रही है, साथी जो घटिया निर्माण किया जा रहा है पुराना डामर रोड निकालकर उसमें मिलावट कर घटिया निर्माण किया जा रहा इसको लेकर ज्ञापन भोपाल जाकर ग्रामीणों ने दिया था। इसके बाद भी अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं की तो आज ग्राम चंदेरी ग्राम ढाबला ग्राम बिलकिसगंज जनता बिलकिसगंज रोड पर धरने पर बैठकर भयंकर प्रदर्शन कर एवं जमकर पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारे लगाए और मांग करी के पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जावे साथ ही श्री भेरूलाल अहिरवार ई साहब को तत्काल प्रभाव से सीहोर जिले से हटाया जावे ।अहिरवार साहब न तो किसी की समस्या सुनने को त्यार है ना ही वो किसी भी जनप्रतिनिधि का फोन तक नहीं उठाते है । ग्राम चंदेरी पिपलिया मीरा हीरापुर ढाबला बरखेड़ी पर किए जा रहे सड़क निर्माण पर प्रतिदिन नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जावे। जनता ने बताया कि बिलकिसगंज क्षेत्र में चल रहे सीहोर-भोपाल सड़क निर्माण कार्य के कारण वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन गया है। खुदाई, मलबे और भारी वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल ने पूरे इलाके को प्रदूषित कर दिया है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार दिनभर उड़ती धूल से घरों, दुकानों और सड़कों पर धूल की मोटी परत जम जाती है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और दमा व सांस संबंधी रोगों से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को खांसी, आंखों में जलन और सांस फूलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बिलकिसगंज जोड़ चौराहे पर विगत एक सप्ताह से रोड खुदा पड़ा हुआ है। परन्तु पिछले के कई दिनों से निर्माणाधीन रोड पर पानी नहीं डाला गया न ही निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय नहीं किए जा रहे हैं। पानी का छिड़काव प्रतिदिन नियमित रूप से नहीं होता। प्रदर्शन में समाज सेवी एम एस मेवाड़ा, राजेंद्र वर्मा, धीरू राठौर प्रीतम सिंह मेवाड़ा गब्बर मेवाड़ा गोलू लक्की कमलेश राज कुमार परमार धर्मेंद्र सतीश साहित, अमित परमार राकेश गौर सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

## 8 डिग्री तापमान, ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहराः सुबह 11 बजे तक छाई रही धुंध, विजिबिलिटी 30 मीटर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रामीण अंचलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर लगभग 30 मीटर रह गई।

कोहरे का असर सुबह करीब 11 बजे तक बना रहा। रविवार सुबह सीहोर जिले के ग्रामीण इलाकों में चारों ओर घनी धुंध छाई रही। खेतों में खड़ी हरी-भरी फसलों पर ओस की बूंदें साफ दिखाई दीं। कोहरे के कारण सड़क और खेतों में दूर तक देख पाना मुश्किल हो गया, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।

#### तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव

जनवरी माह में जिले के तापमान में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। कभी आसमान पर बादल छा जाते हैं तो कभी मौसम साफ हो जाता है। हवा की दिशा भी बार-बार बदल रही है, कभी उत्तर दिशा से तो कभी दक्षिण-पूर्व से हवाएं चल रही हैं। इन्हीं कारणों से न्यूनतम तापमान लगातार 11 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

#### मावठे की संभावना

शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हवाओं की दिशा में बदलाव के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि आसमान में बादलों की सघनता धीरे-धीरे बढ़ रही है, जिससे अगले सप्ताह मावठे (शीतकालीन वर्षा) गिरने की संभावना बन रही है।

#### जनवरी माह में न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस में)

1 जनवरी – 10.5
2 जनवरी – 14.5
3 जनवरी – 12.0
4 जनवरी – 10.8
5 जनवरी – 6.8
6 जनवरी – 5.2
7 जनवरी – 9.7
8 जनवरी – 9.6
9 जनवरी – 9.9
10 जनवरी – 6.5
11 जनवरी – 8.0

## खेल हमारे जीवन में करते हैं आनंद और उत्साह का संचार : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा इछावर के गंजीबढ़ खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, रस्साकस्सी सहित अनेक खेल प्रतिनियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दौरान मंत्री श्री चौहान ने मैदान पर उतरकर क्रिकेट खेला और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही रस्साकसी जैसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के साथ महिलाओं ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि खेल हमारे जीवन में आंनद और उत्साह का संचार करते हैं, शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को मजबूत करते हैं और आत्मा को प्रसन्नता से भर देते हैं। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों के इन लाभों को देखते हुए आगामी वर्ष से और अधिक व्यापक स्तर पर खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और गांव-गांव तक पहुंचकर प्रतिभावन खिलाड़ियों को अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को देश की बेटी मेरिकॉम का उदाहरण देकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बड़े से बड़े खिलाड़ी छोटे-छोटे गांवों से निकलते हैं, इसलिए निरंतर मेहनत करते रहें। इस निरंतर मेहनत के बल पर एक दिन आप भी उंचाइयों पर पहुंचेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार भी निरंतर कार्य कर रही है।



### काइट कार्निवल : लोगों ने पतंग उड़ाने के उत्साह के साथ संगीत और नृत्य का लिया आनंद

# मकर संक्रांति का त्यौहार दूसरों के साथ प्रेम व सेवा बांटने की प्रेरणा देता है : कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मकर संक्रांति का आध्यात्मिक संदेश आत्म-चिंतन, सकारात्मक ऊर्जा के संचार और आंतरिक शुद्धि का है, जो सूर्य के उत्तरायण होने और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने विकारों को जलाकर ज्ञान, भक्ति और सद्गुणों को अपनाने, ईश्वरीय सत्ता से जुड़ने, और दूसरों के साथ प्रेम व सेवाभाव बांटने की प्रेरणा देता है, जिससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी का यह एक दिवसीय मकर संक्रांति काइट कार्निवल का महोत्सव पारिवारिक और सांस्कृतिक है, शहर की सांस्कृतिक पहचान में एक स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ेगा उक्त विचार शहर के कोलीपुरा स्थित एक निजी गार्डन में शहर के इतिहास में पहली बार महानगर की तर्ज पर रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से एक दिवसीय कार्यक्रम में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, कपिल अग्रवाल, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय और रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य का तिलक कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर करीब एक एकड़ में बने मैदान पर पतंगबाजी करते हुए लोगों के मध्य पतंग उड़ाई और उसके पश्चात यहां पर लगे 60 से अधिक स्टाल पर पहुंचकर भेंट कर उत्साहवर्धन किया।



#### डीजे की धुन पर गरबा और अन्य लोक नृत्यों का आनंद

रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को प्रतिभागी और दर्शक डीजे की धुन पर गरबा और अन्य लोक नृत्यों का आनंद लिया जिससे उत्सव का माहौल और रंगीन हो गया, इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खाने-पीने के स्टॉल और अन्य प्रतियोगिताएं भी शामिल की गई थी, शहर भर के 60 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। जो पतंग काटता वह मस्ती में झूम उठता, जिसकी पतंग कटती, वह दूसरी पतंग उड़ाकर अपनी हार का बदला लेने की फिराक में जुट जाता। शाम ढलने तक आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पटा हुआ था। उनके जोश में कोई कमी नहीं थी।

#### गुब्बारों का भी काफी क्रेज देखने को मिला

डीजे की धुन सुनाई दे रही थी छोटे बच्चों में पतंगों की जगह गुब्बारों का भी काफी क्रेज देखने को मिला। डीजे की धुन पर बज रहे गानों के बीच युवाओं और बच्चों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया। जैसे ही किसी की पतंग कटती तो वो काटा का शोर गूंजता। मकर संक्रांति के पर्व को लेकर घरों में तिल के लड्डू, फीनी, पपड़ी, गजक, चूरमा, बाटी सहित कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए।

## 18 को होगा अजाक्स का महाआंदोलन भोपाल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अजाक्स संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बाबूलाल मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 18 जनवरी 2026, दिन रविवार, प्रातः 11 बजे दशहरा मैदान भोपाल में अपने हक अधिकार ,जैसे एसी, एसटी, ओबीसी के 175000 बैकलांग पदों की पूर्ति, 27 प्रतिशत ओबीसी वालों के 13 प्रतिशत होल्ड को हटाए जाने, पदोन्नति में आरक्षण, सिविल जज 2022 के परीक्षा में एससी /एसटी और ओबीसी के अभ्यर्थियों को जान बूझकर भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने के विरुद्ध तथा बैकलॉग पदों को समाप्त करवाने के विरुद्ध, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना के विरुद्ध, प्रमोशन हुए अधिकारियों को रिवर्ड करना के विरुद्ध, आदि पीआईएल जो कि सुप्रीम कोर्ट में दायर हुआ है। वह दिनांक 21 जनवरी 2026 हेयरिंग लगातार इन मुद्दों पर चलने वाली है और आईएएस संतोष वर्मा अजाक्स के प्रांताध्यक्ष के समर्थन में पूरे मध्य प्रदेश से एससी एसटी और ओबीसी की संयुक्त तत्वाधान में 18 जनवरी 2026 को एक दिवसीय महा आंदोलन भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें सीहोर जिले के एससी, एसटी व ओबीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

अपील करने वालों में प्रमुख रूप से बंशीलाल धनवाल संभाग अध्यक्ष, बाबूलाल मालवीय कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, जगदीश पैठारी, एच.एस.निमजे, दिनेश गेहरवाल, नर्बदा प्रसाद नागेश, कमल मालवीय कवि, एच.सी.जानपुरे, लखनलाल दुगारिया, मनोज दिसावरी, ज्ञानसिंह पचलासिया, डी.के.मेहरा, महेश मालवीय, ओमप्रकाश बड़ोदिया, रामप्रसाद मालवीय, एन.एल.दंगोलिया, अर्जुन सिंह धुर्वे, मनोज मालवीय आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### 19 जनवरी से संगीतमय सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाके पर हर साल की तरह इस साल भी कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय के द्वारा आगामी 19 जनवरी को संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। हर साल शहर के प्राचीन इंदौर नाका स्थित श्री सिद्ध बटेश्वर महादेव मंदिर में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने की अपील की है। कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने बताया कि सात दिवसीय भागवत कथा में पहले दिन भागवत का महत्व के अलावा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, रुकमणी विवाह और सुदामा चरित्र आदि का वर्णन विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहाकि भागवत कथा का श्रवण इसलिए ज़रूरी है क्योंकि यह मन को शुद्ध करती है, संस्कारों को जगाती है, जीवन जीने की कला सिखाती है और जन्म-जन्मांतर के पापों को नष्ट कर मुक्ति दिलाती है; यह कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है, क्योंकि यह स्वयं भगवान का शाब्दिक रूप है और इसके सुनने से परमानंद की प्राप्ति होती है, जो अन्य साधनाओं से कठिन है। शरीर भगवान की धरोहर है, शरीर जिस पर व्यक्ति नाज करता है वह भगवान का दिया गया प्रसाद है। जिसे खराब करने का अधिकार किसी को नहीं है। लेकिन कुछ लोग नशे की बुरी आदतों में फंस कर अपना शरीर खराब करने में लगे हुए हैं। नशा नाश की जड़ है। इससे हमें स्वयं दूर रहकर दूसरों को इससे दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अगर आप नशा करते हैं तो आपकी संतान भी नशा करने लगेगी। जिससे धन व यश का नाश तो होता ही है। साथ ही आप अपने शरीर को खोखला कर देते हैं।

### उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु सम्मेलन 16 जनवरी को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को जिले की पंचायतों में रिक्त उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचित पंचों का सम्मिलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह सम्मिलन 16 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की

**सीहोर।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। इसके साथ ही जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को शीतलहर से प्रभावित व्यक्तियों को त्वरित सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया ने बताया कि मानव शरीर का तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस रहता है, पर जब यह 35 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है तो अल्पताप अर्थात हाइपोथर्मिया की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो अत्यधिक ठंड, ठंडी हवा, बारिश में भीगने, गीले कपड़ों में रहने या लंबे समय तक खुले में रहने से हो सकती है। बुजुर्ग, छोटे बच्चे एवं बीमार व्यक्ति इस स्थिति में अधिक जोखिम में रहते हैं।

### तीन गांवों में लायंस क्लब सिद्धपुर ने आयोजित किया कार्यक्रम

# 300 विद्यार्थियों को वितरित किए गर्म स्वेटर और शिक्षण सामग्री

यह कार्यक्रम आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कड़ाके की ठंड को देखते हुए सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए लायंस क्लब सीहोर सिद्धपुर द्वारा सेवा कार्यों का विस्तार किया गया है। क्लब द्वारा प्राथमिक विद्यालय सलीखेड़ा के साथ-साथ प्राथमिक शाला खारी और राबियाबाद के बच्चों को राहत पहुँचाने का बीड़ा उठाया गया।

इसी कड़ी में रविवार को लायंस क्लब द्वारा प्राथमिक शाला खारी और राबियाबाद में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यहाँ करीब 200 बच्चों को गर्म स्वेटर, ऊनी टोपे और आवश्यक पाठ्य सामग्री वितरित की गई। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को मदद पहुँचने से क्षेत्र के अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

क्लब के सदस्यों ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय सलीखेड़ा में अध्ययनरत 97 छात्र-छात्राओं, राबियाबाद में 109 व ग्राम खारी में 93 छात्र छात्राओं को गर्म स्वेटर वितरित किए। यह कार्यक्रम आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष जयंत दसवानी ने



कहा, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव अधिक रहता है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में ठंड से न ठिठुरे और न ही उसकी पढ़ाई बाधित हो। यह छोटा-सा योगदान समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है।

#### शिक्षकों और क्लब सदस्यों की सहभागिता

जनशिक्षक राघवेंद्र मालवीय एवं जितेंद्र त्यागी के साथ ही अन्य विद्यालयों के प्रबंधन व शिक्षकों ने क्लब की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष अजय राय, कपिल जैन, निखिल रणपुरिया और विनीत दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे। लायंस क्लब ने भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

### सीएम राइज संदीपनि विद्यालय में आज होगा राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार

**भैरूंदा।** प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी सीएम राइज संदीपनि विद्यालय, भैरूंदा में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, आत्मबल तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों एवं अन्य सहभागियों की उपस्थिति प्रातः 9:00 बजे से पूर्व सुनिश्चित की जाएगी। प्रातः 9:20 बजे माननीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का आगमन होगा। इसके पश्चात 9:28 बजे माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

प्रातः 9:30 बजे से 10:15 बजे तक राष्ट्रगीत वंदे मातरम्, स्वामी विवेकानंद की वाणी, माननीय मुख्यमंत्री का संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 10:30 बजे आभार प्रदर्शन के साथ होगा। विद्यालय परिवार ने नगर के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### इंदौर में कैलाश विजयवर्गीय मंत्री के इस्तीफा को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इन्दौर के भागीरथपुरा में दूषित मलमूत्र के पानी पीने से हुई लगभग 25 नागरिकों की मृत्यु को लेकर दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने तथा कैलाश विजयवर्गीय स्थानीय शासन मंत्री की स्थिति को लेकर प्रदेश सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष अविनाश भार्गव के नेतृत्व में सीहोर जिला सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने प्रदर्शन में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार, वरिष्ठ विधायक अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा, कांतिलाल भूरिया, शोभा ओझा, अर्चना जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती, विजय जौहरी, गुलाब बाई ठाकुर, जसवंत सिंह, दीपक सोनकर सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव में हितिश दुबे ने लहराया परचम, प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर के छात्र हितिश दुबे ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल का नेतृत्व करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है, कि वर्ष 2024 ,25 में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल की 12th परीक्षा में हितिश दुबे ने जिले में टॉप करते हुए सीहोर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज हितिश दुबे द्वारा मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीहोर जिले का नाम रोशन करने पर आशीर्वाद देते हुए सम्मानित किया। हितिश नगर पालिका में कार्यरत राजेश दुबे के सुपुत्र हैं। हितिश की सफलता पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर के प्राचार्य, लेक्चर , स्टाफ सहित उनके सभी इष्ट मित्र और नगर वासियों ने बधाई दी है।

# पूर्ण आहुति व विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन





**भैरूंदा।** नगर की स्तुति विहार कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को धार्मिक उल्लास, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के वातावरण में पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। कथा समापन अवसर पर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और विधिविधान से आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

रविवार प्रातः हवन-यज्ञ का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। यज्ञशाला में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान वातावरण भक्तिरस से ओतप्रोत हो उठा और क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार दिखाई दिया। इसके पश्चात कथा वाचन का अंतिम प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा वाचक आचार्य अखिलेश शर्मा ने अपने प्रेरक प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमिट मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता त्याग, सादगी, प्रेम और निस्वार्थ भाव का अनुपम उदाहरण है। सच्ची मित्रता वही है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी साथ निभाए और अहंकार से ऊपर उठकर प्रेम को सर्वोपरि रखे।

आचार्य शर्मा के प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन और मानवीय मूल्यों के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। कथा समापन के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य आरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जयकारे लगाए और पूरा पंडाल "हरे कृष्ण" के उद्घोष से गूंज उठा। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिससे सामाजिक समरसता, समानता और एकता का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे, मंडल महामंत्री कपिल खंडेलवाल तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष लखन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कथा वाचक आचार्य अखिलेश शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सराहना की। कथा समापन के मंच से स्तुति विहार कॉलोनी में मंदिर निर्माण का आह्वान भी किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि कॉलोनी में एक स्थायी धार्मिक केंद्र की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। प्रस्ताव रखते ही अनेक रहवासियों ने दान की घोषणा की। कुछ ने आर्थिक सहयोग दिया, जबकि अन्य ने श्रमदान और सामग्री सहयोग का आश्वासन दिया। मंदिर निर्माण समिति के अनुसार आगामी जून–जुलाई माह में निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है, जिसके लिए शीघ्र ही रूपरेखा तैयार कर बैठक आयोजित की जाएगी।

# नयापुरा में संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा का विश्राम



**भैरूंदा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नयापुरा में आयोजित संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा का शनिवार को विश्राम दिवस श्रद्धा और भावविभोर वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडलेश्वर से पधारी निमाड़ की सुप्रसिद्ध कथावाचिका दीदी श्री चेतना भारती ने आत्मबोध और परम सत्य के गूढ़ रहस्यों को सरल उदाहरणों के माध्यम से श्रोताओं के समक्ष रखा।

कथा में दीदी चेतना भारती ने कहा कि स्थूल शरीर के भीतर एक सूक्ष्म शरीर विद्यमान है और इन दोनों आवरणों के बीच कारण शरीर में बीज रूप में परमात्मा सभी जीवों में विराजमान है, जो सत्य, चित्त और आनंद स्वरूप है। माया के वशीभूत होकर जीव अपने वास्तविक स्वरूप का विस्मरण कर देता है और भ्रमवश 84 लाख योनियों में भटकता रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निज स्वरूप की पहचान कर ब्रह्ममय होना और परम आनंद स्वरूप परमात्मा की प्राप्ति ही जीव का एकमात्र लक्ष्य है।

दीदी ने सरिता और सागर का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे नदी स्वभावतः सागर की ओर बहती है, वैसे ही जीव भी आनंद का अंश होने के कारण स्वतः आनंद और प्रकाश की ओर प्रवाहित होता है। अंतर केवल इतना है कि गुरु की अनुपस्थिति और भ्रम के कारण जीव क्षणभंगुर सांसारिक सुखों में उलझा रहता है। संतों के अवतरण का उद्देश्य भी यही है कि वे जीव को यह स्मरण कराएं कि दुखमय संसार और क्षणिक सुखों के परे भी एक अपना जगत है, जहां नित्य आनंद और स्वयं का वास्तविक स्वरूप है। कथा में यह भी कहा गया कि जब तक जीव बुद्ध, कबीर और संत सिंगाजी महाराज की भांति स्वयं को नहीं पहचान लेता, तब तक उसे बार-बार संसार में आना पड़ता है। विश्राम दिवस पर कथा पूर्णाहुति में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दीदी की सहज, सरल और ओजस्वी अमृतवाणी ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

# 70 स्कूली बच्चों को बांटे स्कूल शूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी मुकेश मुंडेल ने अपना जन्मदिन सामाजिक सरोकार के साथ मनाते हुए सद्दाम कॉलोनी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्कूल शूज़ भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के लगभग 70 विद्यार्थियों को जूते प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुकेश मुंडेल ने कहा कि शिक्षा और बच्चों का भविष्य उनकी सामाजिक प्राथमिकता है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि ये बच्चे अपने सपनों को साकार करेंगे। विद्यालय की शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा विद्यार्थियों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम में राजेश पटेल छापरी, सुनील लाठी, पवन डूडी, मुकेश पंवार, पवन पंवार, विजय सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। सभी युवा साथियों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाया।

### छठा सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

# 150 चिकित्सकों ने अपने अनुभव किए साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छठा सीहोर मेडिसिन अपडेट सम्मेलन रविवार को होटल क्रिसेंट में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक सम्मेलन में सीहोर, राजगढ़, देवास, शुजालपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 150 चिकित्सकों ने सहभागिता की। सम्मेलन ने क्षेत्रीय चिकित्सकों को नवीनतम चिकित्सा जानकारियों, व्यावहारिक अनुभवों और आपसी संवाद का सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर चिकित्सकों को संबोधित किया। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. हीरा दलोद्रिया रहे। आयोजन सचिव के रूप में डॉ. आर. के. वर्मा एवं डॉ. बी. के. चतुर्वेदी ने कुशल समन्वय किया, जबकि वैज्ञानिक सचिव की भूमिका डॉ. विवेक सक्सेना ने निभाई।

सभी आयोजकों के नेतृत्व में सम्मेलन का वैज्ञानिक कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी, अद्यतन और क्लिनिकल प्रैक्टिस केंद्रित रहा। कार्डियोलॉजी सत्रों में डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. विवेक कान्हारे, डॉ. निखिल पेंडसे, डॉ. विकास गोयल, डॉ. शशांक



दीक्षित एवं डॉ. सुमित भटनागर ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए। डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ हृदय के लिए लिपिड (कोलेस्ट्रॉल) प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, धूम्रपान व शराब से परहेज, वजन व तनाव नियंत्रण तथा चिकित्सकीय सलाह से दवाओं के माध्यम से एलडीएल को नियंत्रित कर दिल के दौरे और स्ट्रोक के जोखिम को कम किया जा सकता है।

डॉ. शशांक दीक्षित ने हार्ट अटैक प्रबंधन पर जोर देते हुए बताया कि तुरंत मदद बुलाना, एलर्जी न होने पर एस्पिरिन चबाना, शांत रहना और शीघ्र अस्पताल पहुंचना जीवन रक्षक है; समय पर स्टेंटिंग या थक्का-घोलने वाली दवाएं निर्णायक होती हैं। डॉ. सुमित भटनागर ने उच्च रक्तचाप के नियमित जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और दवाओं के पालन से हार्ट अटैक व स्ट्रोक की रोकथाम पर प्रकाश डाला। डॉ. विवेक कान्हारे एवं डॉ. निखिल पेंडसे ने वाल्वुलर हृदय रोगों में जैसी नई पद्धतियों की उपयोगिता साझा की। न्यूरोलॉजी से डॉ. संदेश खंडेलवाल, डॉ. अंशुल सिंह, डॉ. मेघना पवार, डॉ. मनीष शक्य एवं डॉ. राहुल जैन ने अद्यतन विषयों पर मार्गदर्शन दिया। मेडिसिन सत्रों में डॉ. रमेश भार्गव, डॉ. गोपाल बाटनी, डॉ. डी. पी. सिंह, डॉ. नर्मदा पटेल, डॉ. भूपेंद्र रात्रे, डॉ. प्रॉमिस जैन, डॉ. मनु गुप्ता एवं डॉ. अनुव्रत भटनागर ने व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।डॉ. नर्मदा पटेल एवं डॉ. भूपेंद्र रात्रे ने ष्ट्यरू सिंड्रोम पर कहा कि जीवनशैली बदलाव, नियमित जांच और व्यापक जन-जागरूकता से हृदय, गुर्दे और चयापचय संबंधी जोखिमों को नियंत्रित किया जा सकता है। एंडोक्राइनोलॉजी से डॉ. संदीप जुल्का, डॉ. हर्षा पामनानी एवं डॉ. अपूर्वा सुरान तथा डायबिटीज़ से डॉ. उमेश मसंद एवं डॉ. संदीप जैन ने मार्गदर्शन दिया।

डॉ. संदीप जुल्का ने गर्भावधि मधुमेह में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और चिकित्सकीय सलाह के पालन को मां व शिशु के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। इसके अतिरिक्त पल्मोनोलॉजी से डॉ. लोकेन्द्र दवे, डॉ. दक्ष शर्मा, डॉ. प्रखर अग्रवाल, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी से डॉ. पियूष जैन, नेफ्रोलॉजी से डॉ. चेतना, तथा स्त्री रोग से डॉ. श्रेष्ठा सक्सेना, डॉ. रिन्सी रोश एवं डॉ. रुखमणी गुलेरिया ने सहभागिता की। क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. संजय मंडलोई (शुजालपुर), डॉ. चर्चिल मेहता (नरसिंहगढ़), डॉ. अर्चना सोनी (आष्टा) एवं श्री धर्मेंद्र भदौरिया (पचोर) के सहयोग से सम्मेलन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### नशा मुक्त समाज बनाने के लिए निकाली गई जन-जागरूकता रैली

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य में स्वस्थ युवा सशक्त भारत के संकल्प के साथ नशा मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की यह रैली कॉलेज से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कॉलेज पहुंची। रैली में विद्यार्थियों ने ₹नशा छोड़ो जीवन जोड़ो, नशा मुक्त समाज, ₹स्वस्थ युवा सशक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा, डॉ. नितिन बताव, डॉ. तिमोथियस एक्का, एनएसएस प्रभारी विशाल परमार, एनसीसी प्रभारी डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. जितेंद्र आर्य, दुष्यंत कौल, सचिन जोशी, डॉ. योगेंद्र यति, डॉ. संजय पांडे, डॉ. वैशाली राठौर, सहित का उत्साहवर्धन किया।

## हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ गूंजे देशभक्ति व राष्ट्रप्रेम के जयकारे

# सांप्रदायिक सौहार्द्र की अनूठी मिसाल बनी सेमरी बालाजी धाम की झंडा यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना/आरोन

आरोन नगर से लगभग 25 किलोमीटर दूर गुना रोड स्थित प्रसिद्ध सेमरी बालाजी धाम तक निकाली गई भव्य पैदल झंडा यात्रा ने श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का अनुपम संदेश दिया। यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि इसमें हिंदू-मुस्लिम समुदाय की सहभागिता ने भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की मिसाल पेश की।झंडा यात्रा का शुभारंभ सुबह ठीक 10 बजे नगरवासियों की आस्था के केंद्र श्री दास हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा से पूर्व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात समाजसेवी प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया। शुभारंभ के साथ ही वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा।यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में भगवा झंडे लिए जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ पैदल चलते नजर आए।

जैसे-जैसे झंडा यात्रा आगे बढ़ी, पूरा मार्ग धार्मिक नारों, देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के उद्घोष से गूंजता रहा। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय जन प्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, जिससे माहौल और अधिक भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर के समय झंडा यात्रा सेमरी बालाजी धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मंदिर परिसर में झंडा चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात भगवान हनुमान की आरती संपन्न हुई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन में भगवान विश्वनाथ कावड़ यात्रा समिति के संयोजक शक्ति शर्मा की विशेष भूमिका रही। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त कर कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। श्रद्धालुओं का अनुशासन, उत्साह और भक्ति भाव इस आयोजन को अविस्मरणीय बनाता नजर आया।

### जिले में कायम है गंगा जमुनी तहजीब

यह पहला मौका नहीं है जब किसी धार्मिक यात्रा के दौरान गुना जिले में गंगा जमुनी तहजीब का नजारा देखने को मिला हो बल्कि जिले के लगभग प्रत्येक गांव और कस्बे में इस तरह के आयोजन आमतौर पर देखने को मिल जाया करते हैं। जब ताजियों के वक्त गुना में सबसे पहले निहाल सिंह का ताजिया कष्ट करता हुआ दिखाई देता है तो वही म्याना में डोल ग्यारस के विमानों को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अपने कंधे पर रखकर गांव भर से निकाला जाता है ।अनेक ऐसे उदाहरण हैं जो गुना जिले को देश भर में अलग पहचान दिलाते हैं और सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल कायम करते हैं।

# जनता के लिए नगर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ व शुद्ध उपलब्ध हो: विधायक दांगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ एवं आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो ऐसे में विधायक हजारीलाल दांगी , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , सीएमओ हरीओम शर्मा सहित नगर के पत्रकारों ने पेयजल टंकी , फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। गोरतलब है कि विगत दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में नगर कि पेयजल व्यवस्था एवं अन्य समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था।

जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने नगर के पेयजल स्त्रोत आवास कालोनी पानी की टंकी , छापी बांध स्थित फिल्टर प्लांट, आवास मुक्ति धाम इत्यादि का नगर परिषद अमला पत्रकारों आम नागरिकों को लेकर निरीक्षण किया वहां कि समस्त गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण कर पेयजल को स्वयं ने जल ग्रहण कर शुद्धता की जांच की तथा उपलब्ध पेयजल व्यवस्था सही होना पाया। जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि नगर में पेयजल पुरी तरह शुद्ध सप्लाई जारी है जिसे सभी ने पीकर देखा है। नगर वासियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद छापी डेम स्थित वाटर फिल्टर प्लांट एवं आवास कॉलोनी दशहरा मैदान के सामने बस स्टैंड के वाटर सप्लाई केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पेयजल शुद्धिकरण प्रक्रिया, स्वच्छता व्यवस्था एवं तकनीकी संचालन की समीक्षा करते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने संबंधी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कांग्रेस सत्ताहीन होने के बाद लोगों को कर रही है भ्रमित

कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पलटवार करते हुए बताया कि कांग्रेस के लोग सताहीन होने के बाद लोगों को भ्रमित कर रहे हैं , उनका आरोप निराधार है, वाटर फिल्टर प्लांट के बाहर 6 माह पहले मरे जानवर का फोटो लाकर नगर की जनता को गुमराह किया जा रहा है, नगर में साफ स्वच्छ पानी सप्लाई की जा रही है कांग्रेस पार्टी के लोग केवल गुमराह करने में आगे हैं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के फैक्ट्री से राजनीति वाले आरोप पर विधायक हजारीलाल दांगी ने जवाब देते हुए बताया कि में केवल जनता के बीच का विधायक हूं दिन-रात जनता की सेवा में लगा रहता हूं, कभी भी किसी अधिकारी को फोन लगाकर फैक्ट्री में बुलाकर सता का रोब नहीं दिखाया है, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विधायक और मंत्री रह चुके हैं मेरे हिसाब से तो उनके महल में राजनीति चलती होगी इसीलिए फैक्ट्री में राजनीति वाला आरोप उन्होंने लगाया है।

# नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल ने किया बैठक का आयोजन

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इलाहीपुरा की आंगनबाड़ी केंद में हुई संपन्न




**ब्यावरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना में चयनित संस्था ओम शांति महिला मंडल नरसिंहगढ़ द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति इलाहीपुरा में प्रथम बैठक का आयोजन गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था अध्यक्ष हेमलता गोयल एवं सचिव विनोद वर्मा के साथ समिति के सदस्य उपस्थित हुए। बैठक मे हेमलता जी ने जन अभियान परिषद की योजनाओ की जानकारी दी एवम ग्राम विकास समिति के सदस्यों के साथ गाँव मे स्वक्ष पर्यावरण साफ सफाई शिक्षा एवं नल जल योजना के बारे मे चर्चा की बैठक मे नवांकु संस्था की अध्यक्ष हेमलता गोयल विनोद वर्मा एवं विकास समिति के अध्यक्ष मिथुन कुशवाह रोशन कुशवाह दीपक भूपेश कुशवाह ललिता कुशवाह अंजू कुशवाह रेखा एवं समिति के अन्य सदस्य शामिल हुए।

## महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, भोपाल ले जाते समय मौत

**लखनवास।** लोधीपुरा गांव शुक्रवार शाम को सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की जान चली गई। घटना उस समय हुई जब महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोधीपुरा निवासी 55 वर्षीय महिला रामसुरी बाई शुक्रवार शाम करीब 7.30 बजे के लगभग पड़ोसी के घर से अपने घर लौट रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारदी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल महिला को संभाला। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के लिए अपने निजी वाहन से भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही महिला की स्थिति और बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनों को सव सोप दिया ग्रामीण जनों की मौजूदगी मैं लोधीपुरा गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक की पत्नी सहित समाज के युवा पहुंचे कोतवाली

# युवक की संदिग्ध मृत्यु मामले में निष्पक्ष जांच करने की रखी मांग



**राजगढ़।** विगत 28 दिसंबर की रात्रि नगर की हेडगेवार कॉलोनी निवासी युवक कल्याण सेन की बाईक समेत नेवज के छोटे पुल से गिरकर संदिग्ध रूप से मृत्यु का मामला सामने आया था। इस मामले में मृतक युवक कल्याण की पत्नी सहित समाजजनों व कॉलोनीवासियों ने संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

मृतक की पत्नी पूजा सेन ने बताया कि 28 दिसंबर की रात्रि उन्हें सूचना मिली थी कि उनके पति बाईक समेत नेवज के छोटे पुल से गिर गए हैं। सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंची जहां उनके पति बाईक समेत पुल के नीचे गिरे हुए थे। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित किया गया। फरियादिया पूजा सेन के मुताबिक उनके पति की चप्पलें घटनास्थल पर नहीं बल्कि डाक बंगले पर पाई गई थी जिससे पूरा मामला संदेहास्पद है। इसके साथ ही नेवज के छोटे पुल पर भी ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे इससे महज एक सामान्य दुर्घटना कहा जा सके। ऐसे में उनकी मांग है कि उनके पति की संदेहास्पद परिस्थिति में हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। साथ ही उस रात्रि मृतक कल्याण के साथ रहे संबंधितों से पूछताछ की जाकर विधिवत जांच एवं कार्यवाही की जाए।

## एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र प्रजापति बने थर्ड अफसर

**गुना।** 35 वाहनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट गुना के एनसीसी केयरटेकर सुरेंद्र कुमार प्रजापति की रैंक सेरेमनी कार्यक्रम 35 बटालियन मुख्यालय शिवपुरी में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विजय वीर सिंह दहिया एवं सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह मलिक ने प्रजापति के कंधों पर थर्ड अफसर की रैंक लगाते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया ने किया। आभार फर्स्ट ऑफिसर आर.एन. कोहली ने किया। सेरेमनी के दौरान 35 बटालियन के सीनियर जूनियर डिवीज़न के एनसीसी अधिकारी, बटालियन का सिविल स्टाफ मौजूद रहे। थर्ड अफसर सुरेन्द्र प्रजापति की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, शासकीय बालक उ.मा.वि.कैंट गुना की प्राचार्य सीमा शर्मा, वीरेंद्र मिंज, मनीष गुप्ता, जितेंद्र रघुवंशी ने बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी।

## चाटूखेड़ा में 17 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन



**खुजनेर।** ग्राम चाटूखेड़ा में 17 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर है बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु प्रत्येक गांव गांव में हिन्दू सम्मेलन के निमित्त पीले अक्षत पत्रक वितरण किए जा रहे हिन्दू सम्मेलन को साध्वी रंजना अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा, राम कथा की सरस वक्ता एवं सामाजिक, महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ता संबोधित करेगी कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारिया को अंतिम रूप दिया जा रहा पूरे गांव को भगवा पताका अन्य साज सज्जा की जा रही है।

## आरसेटी ने 23 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

# गांवों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**राजगढ़।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं उनसे जुड़े गांवों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभ पहुंच बनाने हेतु आजीविका मिशन, आरसेटी, शासन-प्रशासन कईं प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में वन जीपी, वन बीसी योजना के तहत स्थानीय संकट मोचन बड़ली क्षेत्र स्थित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान(आरसेटी) में जिले की 23 महिलाओं को बैंकिंग कार्यप्रणाली के गुर सिखाने विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान इन महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय लेनदेन, बीमा योजनाओं, ग्राहक सेवा कौशल इत्यादि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। मास्टर टेनर महेष व्यास से प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त अब ये महिलाएं अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में बैंक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगी। इससे न केवल ग्रामीणों को बैंक जाने की असुविधा से राहत मिलेगी बल्कि ये महिलाएं स्वयं भी आत्मनिर्भर होकर आर्थिक रूप से सशक्त बन पाएंगी। समापन अवसर पर आरसेटी निदेशक अनिमेष मालवीय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य बालमुकुंद जाटव, देवराज सिंह, मधुसूदन नामदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

# ग्राहक को फेस्टिव लक्की ड्रॉ में मिली पल्सर 125

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




बजाज ऑटो कंपनी की राजगढ़ जिला स्तरीय डीलरशिप यादव बजाज शोरूम पर नवरात्रि व दिवाली के पावन अवसर पर यादव बजाज द्वारा जिला स्तरीय लक्की ड्रा यानि एक गाड़ी पर एक गाड़ी फ्री का ऑफर ग्राहकों को दिया गया, उक्त लक्की ड्रा कूपन का आयोजन आज किया गया, 1000 ग्राहकों को कूपन दिया गया था , उक्त सभी कूपन के बॉक्स में से एक कूपन उठाना था उन सभी कूपन के बॉक्स में से एक कूपन को 5 वर्ष की बच्ची से उठवाया गया सभी ग्राहकों के सामने जिसमें से सब डीलर जेनम बजाज छापीहेड़ा के ग्राहक प्रेम सिंह कुशवाह निवासी देवलीसांग वाले के नाम से मेगा लक्की ड्रा में पल्सर 125 सीसी की बजाज गाड़ी खुली, बाकी ग्राहकों को गिफ्ट वितरित किए गए। इस आयोजन में यादव बजाज शोरूम के सब डीलर के ग्राहक भी शामिल हुए थे , साथ ही मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस के पर्व पर पल्सर 125 सीसी ओर फ्रीडम सीएनजी 125 सीसी पर पांच पांच हजार की छूट दी जा रही है। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ यादव बजाज शोरूम के ऑनर राहुल यादव और संदीप यादव द्वारा मां लक्ष्मी जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया इस दौरान बजाज शोरूम के मैनेजर देवराज सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## विधायक और नपा अध्यक्ष के निर्देशन में हो रहा काम

# 2 करोड़ 7 लाख के विकास कार्य से संवर रहा कुरावर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

मध्य प्रदेश भाजपा सरकार और मंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नगर परिषद द्वारा बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक मोहन शर्मा के सतत प्रयासों और नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई चंद्रवंशी के निर्देशन में लगभग 10 वार्डों में 2 करोड़ 7 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं।

इन कार्यों में सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक, पुलिया और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नगर परिषद भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित सार्वजनिक पार्क का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे नगरवासियों को मनोरंजन और हरित वातावरण की सुविधा मिलेगी। वार्ड क्रमांक 12 व 13 में 260 मीटर लंबाई की सीसी रोड का निर्माण 9.50 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 3 में माता जी के मंदिर परिसर में डेढ़ लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक का कार्य कराया गया है। वार्ड क्रमांक 1 में पुलिया में पाइप एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण एक लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। इन विकास कार्यों से आमजन को मूलभूत सुविधाएं मिलने के साथ ही नगर के सर्वांगीण विकास को नई गति मिल रही है।

## स्टॉल, पंजीयन एवं दिव्यांगजनों को लेकर अधिकारियों को निर्देश

# रोजगार मेला तैयारियों का मंत्री ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर






नगर के मंडी परिसर में 12 जनवरी को आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेला को लेकर शनिवार को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सुरक्षा, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पंजीयन काउंटर, कंपनियों के स्टॉल तथा दिव्यांगजनों व युवाओं की सुविधा से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,एसडीएम रोहित बम्होरे, निर्मल जैन, निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विष्णु पाटीदार सहित कई पार्षदगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह रोजगार मेला क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का बड़ा अवसर है। आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएंगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस रोजगार मेले का लाभ उठाएं। युवा शक्ति को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में यह आयोजन एक मजबूत और प्रभावी कदम साबित होगा।

### युवा संगम रोजगार मेला को लेकर नगर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक

बैठक में रोजगार मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, निर्मल जैन,नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विष्णु पाटीदार सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में मंत्री टेटवाल सहित सभी अतिथियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेले में शामिल होकर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों का लाभ उठाएं। युवा संगम रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त व ठोस पहल है। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## खबर संक्षेप

### टिटोरिया में बनेगा सामाजिक समरसता का केंद्रः कैलाश परमार



**आष्टा।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने ग्राम टिटोरिया में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम के दौरान बाबा रामदेव के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा केवल एक लोकदेवता नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक और आध्यात्मिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान और मालवा की माटी में रचे-बसे बाबा रामदेव महाराज ने उस दौर में समाज को दिशा दी जब वह जाति-पाति, छुआछूत और ऊंच-नीच की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। बाबा ने इन संकीर्णताओं से ऊपर उठकर समाज को एकजुट करने का अभूतपूर्व कार्य किया और 'सभ्य समाज' की स्थापना के लिए दलितों, पिछड़ों और सर्वहारा वर्ग को न केवल गले लगाया, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान और आत्म-सम्मान दिलाया। आज भी उनकी समाधि पर उमड़ने वाली लाखों की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि उनके प्रति आस्था जाति और धर्म की सीमाओं को लांघकर संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है। परमार ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि यह मंदिर अंचल की शोभा बढ़ाने के साथ-साथ हमारी धार्मिक विरासत को सहेजने का कार्य करेगा, जहाँ हर श्रद्धालु बाबा के चरणों में समानता का अनुभव कर सकेगा। इस निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार करने हेतु आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में बाबा रामदेव समिति के अध्यक्ष लालजीराम मालवीय, वरिष्ठ व्यवसायी सुनील प्रगति, युवा समाजसेवी अर्जुन सिंह, अजय हरिनारायण, और सुनील कुमार मालवीय ने भी अपने विचार साझा किए। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यह मंदिर क्षेत्र की पहचान बनेगा और यहाँ होने वाले धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को हमारी गौरवशाली परंपराओं और बाबा के समानता के संदेश से जोड़ेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों और समिति के सदस्यों ने मंदिर निर्माण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सामूहिक सहयोग के माध्यम से इसे एक अद्भुत स्वरूप देने का संकल्प लिया, जिससे यह स्थान समूचे मालवा क्षेत्र के लिए आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरे।

### नगर की बजरंग बस्ती में हिन्दू सम्मेलन आयोजित, संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित हो रहे कार्यक्रम

# हम राम और कृष्ण की संतान हैं, जब-जब धर्म की हानि होती है, धर्म घटता है और अधर्म बढ़ता हैः हरिमाधव शास्त्री






### सनातनी मर जाएंगे, मिट जाएंगे लेकिन कभी सनातन पर आंच नहीं आने देंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

1925 में एक संकल्प, एक ध्येय को लेकर शुरू हुआ संघ की स्थापना के 100 साल पूर्ण हो गए हैं। हम राम और कृष्ण की संतान हैं। श्रीमद् भागवत गीता में लिखा है कि जब जब धर्म की हानि होती है, धर्म घटना है और अधर्म बढ़ता है। तब तब इस संसार में इस जगत में, सृष्टि में भगवान का प्रादुर्भाव होता है। आप जानते हैं, इतिहास में 18 बार मोहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच युद्ध हुआ।

इसमें से 17 बार पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गोरी को हाराया था, क्योंकि वह व्यक्ति अपने राष्ट्र को बचाना चाहता था अपने धर्म को बचाना चाहता था। अपने हिन्दू धर्म को बचाने के लिए अपना पूरा राज-पाठ, अपना पूरा जीवन पृथ्वीराज चौहान ने इस राष्ट्र की रक्षा के लिए अवैध दीवार बनाकर के अपना पूरा जीवन लगा दिया। लेकिन आप जानते हैं मोहम्मद गोरी 18 वीं बार युद्ध पृथ्वीराज चौहान से कैसे जीत गया, वो इसलिए जीत गया क्योंकि हम में से एक जयचंद पैदा हो गया था। उस जयचंद के कारण मोहम्मद गोरी 18 वीं बार जीत गया और पृथ्वीराज चौहान को हारना पड़ा। उनको बंदी बना लिया गया। उनके हाथी को बंदी बना लिया गया। उनकी सेना को बंदी बना लिया गया। एक जयचंद के कारण पृथ्वीराज चौहान का वो सपना जो उन्होंने अपने राष्ट्र के लिए देखा था, जिस राष्ट्र में केवल सनातन और



केवल सनातन और केवल सनातन के अलावा दूसरा कोई नहीं आएगा, उस राष्ट्र में केवल मंदिर और मंदिर और केवल मंदिर ही रहेंगे इस राष्ट्र में केवल गंगा गंगा और केवल गंगा की पूजा होगी, इस राष्ट्र में केवल गाय और केवल गौ माता की पूजा होगी इसके अलावा इस राज्य का दूसरा कोई उनका अपना विचार नहीं था उनका सपना टूट गया।

उक्त उदगार हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता पंडित हरिमाधव शास्त्री ने व्यक्त किए। पंडित हरिमाधव शास्त्री ने आगे कहा की इसलिये हमेशा अपने आस पास छुपे जयचन्दों से सावधान रहो,ये कई रूप में आपके आस पास रहते है इनको बस पहचानने की जरूरत है। आज हमारे आराध्य,आस्था के केंद्र भगवान श्रीराम को 500 साल के लम्बे संघर्ष के बाद श्रीराम मंदिर में स्थापित किया गया।

भगवान का मंदिर जहां हमारी आस्था है, हमारा ध्येय है, हमारा सुमिरन है, हमारा भजन है, हमारी भक्ति है उसके लिये हमें हमारे ही देश मे जयचन्दों के कारण 500 साल तक संघर्ष और इंतजार करना पड़ा । में तो कहता हूं कि शायद अगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नहीं होता तो आज भी हम वहां मंदिर में दर्शन नहीं कर पाते,ना हीं वहा मंदिर बन पाता। इसलिए में सभी हिंदुओ से आज इस हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से आव्हान करता हु,कि चाहे किसी स्थिति में साथ देना पड़े, मर जाना पड़े,तो धर्म का ही साथ दीजिए । कभी भी जयचंद बन कर के धोखा मत देना। आज बंगलादेश में हिंदुओं की क्या स्तिथि है,इसको जरा देखो,समझो ओर जागो। हिन्दू हम सब एक है, एक रहिए। बंगलादेश में जिस युवक को जिन्दा जलाया वो इस लिये की वो हिन्दू था। इसलिये अब जातियों में बंटने का नही है। हम सब हिन्दू है इसको लेकर हमें जागृत रहने की परम आवश्यकता है।

शास्त्री ने कहा जिसके घर में बहुत सोना होता है, जिसके घर में बहुत चांदी होती है, जिसके घर में बहुत पैसा होता है, उसे घर की सुरक्षा के लिये, उसे घर के सामने गार्ड लगाने पड़ते हैं। उसे घर के स्वामी को जागृत करना पड़ता है और आप जानते हो संपूर्ण विश्व में एकमात्र राष्ट्र भारत ऐसा है जो सर्व संपन्न है, यह ज्ञान संपन्न है ,यह शक्ति संपन्न है, संपदा संपन्न है, यह सब प्रकार से संपन्न देश है और इसमें इस राष्ट्र में बार-बार चोर लुटेरे घुसने के लिए तैयार बैठे रहते हैं। इसलिए हमें सजग, सतर्क, जागते रहना होगा। जहां यह केसरिया झंडा दिख जाए वहां कोई जाति नहीं हम सब हिंदू एक है। पक्का सनातनी मर जाएगा, चाहे मिट जाएंगे लेकिन कभी सनातन पर आंच नहीं आने देंगे। हिन्दू सम्मेलन को स्मृति मिश्रा एवं लखनलाल विश्वकर्मा मध्य भारत प्रान्त के धुमन्तु जाती प्रमुख ने भी संबोधित कर संघ द्वारा शुरू किए पंच परिवर्तन की चर्चा कर मातृशक्ति को जाग्रत किया। कार्यक्रम के संयोजक दुलीचन्द कुशवाह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समापन पर सभी ने आयोजित समरस भोज का आनन्द लिया।

### सराफा व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मुलाकात की



**आष्टा।** सराफा व्यापारी संघ आष्टा द्वारा मध्य प्रदेश ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव संतोष सराफ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के प्रतिनिधि मंडल आष्टा सराफा के अध्यक्ष गणेश सोनी, सचिव धर्मेंद्र सोनी और कोषाध्यक्ष नरेंद्र सोनी ने राजस्व विभाग मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव विवेक कुमार पोरवाल से मुलाकात वल्लभ भवन भोपाल में जाकर की। जिसके अंतर्गत मुख्यसचिव को वर्तमान में सर्राफा व्यापारियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए मध्य प्रदेश साहूकारी अधिनियम 1934 के उल्लंघन के संबंध में प्रशासनिक त्रुटि के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समस्या का तुरंत समाधान कर उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देशित समस्या का तत्काल समाधान किया।

## मंडी में बनेंगे दो टॉवर, 100 एकड़ में हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



भोपाल-इंदौर हाईवे से कुछ दूरी पर स्थित हमीदखेड़ी (मर्दाखेड़ी) पहाड़ी पर नई कृषि उपज मंडी का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 100 एकड़ भूमि पर बन रही इस मंडी में दो ऊंचे टॉवर और दो बड़े तौल कांटे स्थापित किए जाएंगे। इन सुविधाओं से उपज लेकर आने वाले किसानों और व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी। नई मंडी के निर्माण को शासन से 2019 में स्वीकृति मिली थी और इसे 2022 तक पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित की गई थी। हालांकि, अधिकारियों की उदासीनता के कारण कार्य में देरी हुई और यह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। हाल ही में नियुक्त हुए मंडी सचिव नरेंद्र कुमार मेश्राम ने अब इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो अगले कुछ महीनों में किसानों को इस नई कृषि मंडी का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। वर्तमान में आष्टा की कृषि उपज मंडी कन्नौद रोड पर संचालित हो रही है। यह मंडी आसपास के 8 जिलों की 14 तहसीलों के किसानों की जरूरतों को पूरा करती है। सीजन के दौरान आवक बढ़ने पर अक्सर भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बन जाती है।

नई मंडी के बनने और वहां शिफ्ट होने से यह समस्या दूर हो जाएगी, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर जगह मिलेगी। इसके साथ ही, नई मंडी प्रांगण में प्रतिस्पर्धा और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। नए मंडी सचिव नरेंद्र मेश्राम ने उपयंत्री कपिल सहारे, सहायक यंत्री वीरेंद्र गर्ग और अरविंद झंवर के साथ बैठक कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों को दिए जाने वाले डुप्लेक्स गोडाउन में भूमिगत बिजली, भुगतान काउंटर, अलग वॉशरूम और ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। मंडी के पूरे लेआउट में दो ऐसे टॉवर बनाने की योजना है, जिनसे पूरी मंडी पर निगरानी रखी जा सके। इसके अतिरिक्त, दो बड़े तौल कांटे लगाने का प्रस्ताव भी रखा गया है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की तरफ से मंडी सचिव को जल्द ही नई मंडी का काम पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि किसानों को लाभ मिल सकें। उल्लेखनीय है कि नए मंडी सचिव नरेंद्र कुमार मेश्राम मंडी के पिछले कई समय से बिगड़े पड़े ढर्रे को सुधारने में जुटे हैं।

नरेंद्र कुमार मेश्राम, सचिव कृषि उपज मंडी आष्टा ने बताया कि नई मंडी में अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराया जाएगा। मंडी किसानों, व्यापारियों के हित में बहुत बेहतर साबित होगी। आर्थिक गतिविधि भी मजबूद होगी। इसके अलावा भी बहुत फायदा होगा। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आस्था की वर्तमान मंडी छोटी पड़ रही है वह यहां पर बार-बार कन्नौद मार्ग पर ट्रैफिक भी बाधित होता है इसी को देखते हुए भोपाल इंदौर बाईपास पर नवीन कृषि उपज मंडी का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही क्षेत्र वासियों को नई मंडी की सौगात मिलेगी।

## संत रविदास महाराज की जयंती मनाने हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




अंबेडकर भवन में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती मनाने के लिए जांगड़ा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 1 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती मनाई जाएगी। साथ ही चल समारोह निकाला जाएगा। जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे बैठक में आयोजन समिति की कार्यकारिणी का गठन किया। समाज द्वारा सर्वसम्मति से अजय चौरसिया को अध्यक्ष, नेपाल पेरवाल प्रेम सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, राजकुमार चौधरी महासचिव्र, संतोष सूर्यवंशी संगठन सचिव, रामेश्वर दामडिया सचिव, शंकर लाल बड़ोलिया मीडिया प्रभारी, जीवन सिंह धनवाल कोषाध्यक्ष, भवानी सिंह, कुरल लखन चौहान, बंसीलाल धनवाल, अटारिया माखनलाल कलेसरिया, राजेंद्र भारती, लखन चौहान, सुनील जामलिया, गोयल हमीर सिंह, अनोखी लाल, गंगाराम, सरपंच जितेंद्र सिंह सिलोरिया, भादर सिंह अस्ताया, अरविंद रैकवार, ज्ञान सिंह अस्ताया को सदस्य नियुक्त किया। इस अवसर पर जांगड़ा समाज अध्यक्ष माखनलाल कुराडिया, बंसीलाल धनवाल, संभागीय अध्यक्ष आजक्स कैलाश बगाना, बलवंत सिंह बगाना, पन्नालाल सिलोरिया, दिलीप आंवले, जितेंद्र गोयल, जितेंद्र खैरवाल, नाथू सिंह बगाना, सावत सिंह, नरबत सिंह, सिलोरिया हजारीलाल पटवारी मेहरबान सिंह रैकवाल हेमराज मुगली, अनोखी लाल बगाना, देवेंद्र दंगोलिया पटवारी, रमेश रेकवाल, जितेंद्र ठेकेदार, सुहागमाल दामडिया आदि उपस्थित थे।

### 17 जनवरी को मनाया जाएगा आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

# समता और मैत्री भाव से ही धर्म का सच्चा आनंद संभवः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि तीर्थंकर परमात्मा की अमृतमयी वाणी का यहां आनंद प्राप्त हो रहा है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में मैत्री भाव को धारण कर ले, तो ऐसा आत्मिक आनंद प्राप्त होगा जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। मुनिश्री ने वर्तमान धार्मिक परिस्थितियों पर चिंतन करते हुए कहा कि आज धर्म को पंथवाद और संतवाद ने जकड़ लिया है। धर्म और संत दोनों पंथवाद के घेरे में आ गए हैं। आज स्थिति यह है कि लोगों ने संतों को भी बांट लिया है। इसी कारण आचार्य कहते हैं कि सबसे पहले समता भाव लाना आवश्यक है। नाम से नहीं, बल्कि काम से पहचान होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि त्यागी बनना है, तपस्वी बनना है, तो सर्वप्रथम द्वेष भाव का त्याग कर मैत्री भाव को अपनाना होगा।

जैन दर्शन में परिणामों को सुधारा जाता है, बिगाड़ा नहीं जाता। यदि परिणाम बिगड़ गए तो आत्मा को संसार में भटकना पड़ता है। भावों में निर्मलता का होना अत्यंत आवश्यक है।मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार मजबूत मकान वही होता है जिसकी नींव मजबूत होती है, उसी प्रकार वही व्यक्ति सच्चा त्यागी और तपस्वी बन सकता है जिसके भावों में निर्मलता और मैत्री भाव हो। मैत्री भाव की शुरुआत अपने घर से होनी चाहिए। आज स्थिति यह है कि मां बेटे को नहीं देख रही, भाई-भाई से कटुता रख रहा है, तो फिर समाज में मैत्री भाव कैसे आएगा। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज धर्म भावों से पलायन कर चुका है। वर्तमान में धर्म के नाम पर हो रहे कार्यों को देखकर स्वयं आचार्य भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं। धर्म वही है, किंतु धर्म को मानने वालों की प्रवृत्ति बदल चुकी है। व्यक्ति घर-परिवार का त्याग तो कर देता है, लेकिन जिन कषायों और विकारों का त्याग करना चाहिए, उन्हें नहीं छोड़ पाता। ऐसे में कोई नग्न होकर घूम सकता है, पर वह दिगंबर मुनि नहीं कहलाता। पहले भीतर से निर्मल बनना होगा, उसके बाद ही दिगंबर मुद्रा सार्थक होती है। मुनिश्री ने एक राजा और एक कलाकार का वृतांत सुनाते हुए समझाया कि व्यक्ति इस संसार में अकेला आता है और अकेले ही जाता है। अत्यंत सहज होने के बाद ही मनुष्य त्याग के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हंसना और मुस्कराना दोनों में बड़ा अंतर है—हंसना कषाय में आता है, जबकि मुस्कराहट आत्मिक शांति और आत्म-कल्याण का प्रतीक है। आत्म कल्याण से बड़ा कोई साधन नहीं है।

धर्म के आनंद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि धर्म का आनंद बताया नहीं जाता, न ही सिखाया जाता है—धर्म का आनंद तो स्वयं लिया जाता है। जो अपने स्वरूप को पहचान लेता है, वही निज की अनुभूति और निज के आनंद को प्राप्त करता है। उन्होंने निर्वाण के महत्व को समझाते हुए कहा कि यदि अपना निर्वाण चाहते हो, तो प्रभु का निर्वाण महोत्सव मनाओ।इस अवसर पर मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने जानकारी दी कि 16 जनवरी को एक हजार आठ नामों एवं मंत्रों से आदिनाथ भगवान की विशेष आराधना की जाएगी तथा 17 जनवरी को आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव आयोजित होगा। इस दौरान भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिनाथ भगवान के इस विधान का लाभ केवल आष्टा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश को प्राप्त होगा।अंत में मुनिश्री ने श्रद्धालुओं से कहा कि मंदिर में आते समय और जीवन में भी भगवान की भक्ति निरंतर करते रहें यही सच्चा धर्म मार्ग है।

## विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक संपन्न, दिनेश पांचाल बने समाज के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक बजरंग कॉलोनी हरदौल लाला बाग स्थित बाल हनुमान मन्दिर पर संपन्न हुई। जिसमें 31 जनवरी को भगवान श्री विश्वकर्मा का का प्राकट्योत्सव धूमधाम के साथ मनाने के लिए कई निर्णय लिए गए। समाज के अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा का कार्यकाल पूर्ण होने पर समाज के नए अध्यक्ष के रूप में दिनेश पांचाल को सर्व सम्मति से नया अध्यक्ष चुना गए। बैठक में समाज के अनोखीलाल विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, रामचंद्र विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा अरनिया, राजबहादुर विश्वकर्मा, चंद्रपाल विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, लखन विश्वकर्मा, आत्माराम विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, दिनेश पंचाल, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, आत्माराम विश्वकर्मा मौजूद रहे।